राष्ट्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय के लिये शीत शुष्कीकरण उपकरण का आयात

6158. **श्री शिव प्रसाद चनपुरिया: क्या पर्यावरण और वन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्राहालय के लिये शीत शुष्ककरण (फ्रीज ड्राई) उपकरण का आयात किया गया है;

(ख) यदि हां, तो यह उपकरण किस देश से किस लीख को और किस लागत पर आयात किया गया था;

(ग) इस शीत शुष्ककरण उपकरण के आयात किये जाने से लेकर 31 मार्च, 1995 तक इसकी मदद से कितने जानवरों को प्रसंसकृत किया गया है;

(घ) इस उपकरण का संचालन अधिकारी द्वारा किया जा रहा है और क्या दिल्ली से बाहर भी उसकी सेवाओं का उपयोग किया जा रहा है; यदि हां, तो उसकी अनुपस्थिति में इस उपकरण का प्रचालन किस प्रशिक्षित व्यक्ति द्वारा किया जाता है; और

(ङ) शीत शुष्ककरण उपकरण का संचालन करने के लिये राष्ट्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय में प्रशिक्षण प्राप्त कितने अधिकारी मौजूद हैं और उनके नाम तथा अर्हताएं क्या हैं और इस कार्य के लिये कौन सी संस्था उन्हें प्रशिक्षण देती है?

पर्यावरण और वन मंत्रालय राज्य मंत्री (श्री कमल नाथ): (क) जी, हां।

(ख). इस उपकरण को अक्तूबर, 1981 में लगभग 4 लाख रुपए की लागत पर संयुक्त राज्य अमरीका से आयात किया गया था।

(ग) उपकरण का प्रयोग करके 31.3.95 तक निम्नलिखित नमूने तैयार/परिरक्षित किये गये हैं:

स्तनपाई —	196
पक्षी —	394
पत्तियां और अन्य वनस्पति सामग्री —	26000
पशुओं की खालें —	230

(घ) इस उपकरण के उपयोग की देखभाल वैज्ञानिक एस०ई० (चर्मशोधन) द्वारा की जाती है। सभी वैज्ञानिकों को, खासतौर पर मैसूर, भोपाल और भुवनेशवर में विकसित किये जा रहे क्षेत्रीय प्राकृतिक इतिहास संग्राहालयों से संबंधित कार्य के लिये दिल्ली से बाहर के दौरे करने होते हैं। चर्मशोधन यूनिट से सम्बद्ध फील्ड कलेक्टर और प्रयोगशाला सहायक को फ्रीज ड्राई इक्वपमेंट के प्रयोग में पूरी तरह प्रशिक्षित किया गया है और वैज्ञानिक एस०ई० (चर्मशोधन) की अनुपस्थिति में वे कार्य देखते है।

(ङ) संग्रहालय में उपकरण को चलाने के लिये छः प्रशिक्षित व्यक्ति उपलब्ध हैं। उनके अपेक्षित ब्यौरे निम्नानुसार हैं:—

क्र०सं०	पद	पदधारी की योग्यता	प्रशिक्षण का स्थान
1.	निदेशक	एम एससी पी एच डी	स्मिथसोनियन इन्स्टीट्यूशन वाशिंगटन डी०सी०
2.	वैज्ञानिक एस०ई०	चर्म प्रौद्योगिकी में डिप्लोमा	-वही-
3.	वैज्ञानिक एस०डी०	एम०एस०सी०, एम० टैक (संग्रहालय विज्ञान)	राष्ट्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय, दिल्ली
4.	वैज्ञानिक एस०सी०	एम०एस०सी०, एम० फिल	-वही-
5.	फील्ड कलैक्टर (अब सेवानिवृत्त)	मैट्रीकुलेट	-वही-
6.	प्रयोगशाला सहायक	-वही-	-वही-